PCE
GROUP I - PAPER 3
LAW, ETHICS AND COMMUNICATION

IPCC
GROUP-I PAPER-2
BUSINESS LAW COMMUNICATION AND ETHICS

Roll No. ....................

Total No. of Questions – 7

Total No. of Printed Pages – 8

Time Allowed – 3 Hours

NOV 2012

Maximum Marks – 100

# BPL–H

Answers to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi medium, his/her answers in Hindi will not be valued.

Question No. 1 is compulsory.

Attempt any **five** questions from the remaining **six** questions.

**Marks**

1. (a) Ramesh, aged 16 years, was studying in an engineering college. On 1 March, 2011 he took a loan of ₹ 1 lakh from Suresh for the payment of his college fee and agreed to pay by 30th May, 2012. Ramesh possesses assets worth ₹ 10 lakhs. On due date Ramesh fails to pay back the loan to Suresh. Suresh now wants to recover the loan from Ramesh out of his assets. Whether Suresh would succeed ? Decide, referring to the provisions of the Indian Contract Act, 1872. **5**

(b) Whether a company may issue shares at discount ? State the conditions which must be fulfilled before issuing the shares at discount contained in Companies Act, 1956. **5**

Marks

(c) State with reasons whether the following statements are correct or incorrect : 2×2½ = 5

(i) There is no economic growth without ecological cost.

(ii) The institution of business exists only if it fulfils the society's expectations.

(d) Explain clearly the different types of grapevine chains in an informal communication. 5

2. (a) (i) Who, amongst the following, are eligible for bonus under the Payment of Bonus Act, 1965 : 4

(1) An apprentice of a newly formed company.

(2) A dismissed employee reinstated with back wages.

(3) A temporary workman.

(4) An employee employed through contractor of building operation.

(ii) When an employee becomes disabled due to any accident or disease and is unable to do the same work and re-employed on the reduced wages, how the gratuity of such employee shall be computed under the provisions of the Payment of Gratuity Act, 1972 ? 4

(b) Why is the 'critical thinking' important part of success and wisdom ? What steps are required to make it effective in a business organisation ? 4

(c) What is meant by 'Stakeholders' ? Give the list of such stakeholders. 4

3. (a) State the essential elements of a contract of bailment. Distinguish between the 'contract of bailment' and 'contract of pledge'. 8

(b) State the reasons for accepting the change in the present management set-up of the corporate culture in a business organisation. 4

(c) Differentiate between 'consumer interest' and 'public interest'. 4

**Marks**

4. (a) Explain the provisions of law and procedure relating to alteration of object clause stated in the Memorandum of Association of a company under Indian Companies Act, 1956. **8**

(b) State the ethical issues which are being faced by an individual at the workplace of an industrial organisation. **4**

(c) State the types of groups in an organisation which play an important role in solving the difficult problems in an organisation. **4**

5. (a) A draws and B accepts the bill payable to C or order, C endorses the bill to D and D to E, who is a holder-in-due course. From whom E can recover the amount ? Examining the right of E, state the privileges of the holder-in-due course provided under the Negotiable Instruments Act, 1881. **8**

(b) Differentiate between 'Share Warrant' and 'Share Certificate' under the Companies Act, 1956. **4**

(c) M/s. Assure Investments, a firm of partners A and B, appoint and authorize Mr. X giving powers to sell and sign transfer deeds for transfer of shares and debentures by executing an instrument of the "Power of Attorney". Draft such instrument of the "Power of Attorney" of the firm. **4**

6. (a) State the liability of an 'Expert' in case of misrepresentation in the prospectus. When an expert will not be liable for his untrue statements made in the prospectus ? **8**

(b) State the important components required in writing a "Partnership Deed" of a business firm. **4**

Marks

(c) State whether the following statements are correct or incorrect : 4

(i) A proposal may be revoked by the proposer before the posting of the letter of acceptance by the acceptor.

(ii) A private company is required to hold statutory meeting.

(iii) The validity period of a cheque is three months.

(iv) Every shareholder is a member, but every member may not be a shareholder of the company.

7. Answer any **four** of the following : 4×4 =16

(a) Explain the provisions of the Employee's Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952, relating to the protection of the credited amount in the provident fund against attachment. 4

(b) Mr. DP, Secretary, of City Handicrafts Ltd. called an extraordinary general meeting of the company on the requisition of some members. Mr. DP, Secretary of the Company, issued notice of the meeting without the authority of the Board of Directors. Discuss on the validity of the notice issued by Mr. DP, Secretary of the City Handicrafts Ltd. 4

(c) Discuss the provisions of law contained in the Companies Act, 1956 as regards to the service of documents. 4

(d) State the advantages of formal communication. 4

(e) Explain the objects of the Consumer Protection Councils in India. 4

**BPL–H**

**(Hindi Version)**

उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देना है ।

वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है,

तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है ।

शेष **छ:** प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**Marks**

1. (अ) 16 वर्ष की उम्र का, रमेश, अभियांत्रिकी महाविद्यालय में पढ़ रहा था । अपने महाविद्यालय के शुल्क का संदाय करने के लिए उसने सुरेश से 1 मार्च, 2011 को ₹ एक लाख का ऋण लिया और ऋण का संदाय 30 मई, 2012 तक करने के लिए सहमत हो गया । रमेश के पास ₹ 10 लाख की सम्पत्ति है । रमेश नीयत तिथि पर सुरेश को ऋण का पुन: संदाय करने में असफल रहता है । सुरेश अब रमेश की सम्पत्ति से ऋण वसूल करना चाहता है । क्या सुरेश सफल होगा ? संविदा अधिनियम, 1872 के उपबंधों के सन्दर्भ में निर्णित कीजिये । **5**

(ब) क्या एक कम्पनी अंशपत्रों को बट्टे पर निर्गमित कर सकती है ? कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत दी गई उन शर्तों को बताइये जिन्हें कि अंशपत्रों के बट्टे पर निर्गमित करने के पहले पूर्ण किया जाना आवश्यक है । **5**

(स) कारण सहित बताइये कि क्या निम्न कथन सही हैं या गलत : **2×2½ = 5**

(i) पारिस्थितिक लागत के बिना कोई आर्थिक अभिवृद्धि नहीं है ।

(ii) व्यापारिक संस्था तभी विद्यमान रह सकती है जब तक कि वह सामाजिक आकांक्षाओं को पूरा करती है ।

(द) अनौपचारिक संचार में विभिन्न प्रकार की अफवाहों की कड़ियों का स्पष्ट रूप से विवेचन कीजिये । **5**

Marks

2. (अ) (i) बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से बोनस के लिए कौन पात्र है : 4

(1) एक नई स्थापित कम्पनी का प्रशिक्षु ।

(2) एक पदच्युत कर्मचारी जिसे पिछली मज़दूरियों सहित बहाल किया गया है ।

(3) एक अस्थायी कर्मचारी ।

(4) भवन निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा नियुक्त किया गया कर्मचारी ।

(ii) यदि कोई कर्मचारी किसी दुर्घटना या बिमारी के कारण निर्योग्य हो जाता है और उसी कार्य को करने के योग्य नहीं रहने से उसे कम मज़दूरी पर पुन: नियोजित किया जाता है, ऐसी स्थिति में ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 के अन्तर्गत ऐसे कर्मचारी की ग्रेच्युटी की गणना कैसे की जायेगी ? 4

(ब) समीक्षात्मक चिंतन, सफलता और बुद्धिमता के एक महत्त्वपूर्ण भाग क्यों हैं ? एक व्यापारिक संगठन में इसे प्रभावी बनाने के लिए क्या कदम उठाये जाने चाहिए ? 4

(स) हितधारकों (Stakeholders) से क्या तात्पर्य है ? ऐसे हितधारकों की सूची बताइये । 4

3. (अ) उपनिधान की संविदा के आवश्यक तत्त्वों को बताइये । 'उपनिधान की संविदा' और 'गिरवी की संविदा' के मध्य विभेद कीजिये । 8

(ब) एक व्यापारिक संस्थान में निगमित संस्कृति (Corporate Culture) की विद्यमान व्यवस्था में परिवर्तन को स्वीकार करने के कारणों को बताइये । 4

(स) 'उपभोक्ता हित' और 'लोक हित' में विभेद कीजिये । 4

**Marks**

4. (अ) कम्पनी के संगम ज्ञापन में दिये गये उद्देश्य वाक्य के परिवर्तन से सम्बन्धित भारतीय कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत दिये गये उपबन्धों और प्रक्रिया का विवेचन कीजिये । 8

(ब) उन नीतिगत समस्याओं के बारे में बताइये जो कि एक व्यक्ति को औद्योगिक संस्थान के कार्यस्थल पर सहन करना पड़ता है । 4

(स) एक संस्थान में उन विभिन्न प्रकार के समूहों (Groups) के बारे में बताइये जिनकी की संस्थान में उत्पन्न कठिन समस्याओं के निराकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है । 4

5. (अ) 'A', 'C' या उसके आदेश पर देय, एक विनिमय पत्र लिखता है जिसे 'B' स्वीकार करता है । 'C' इसे पृष्ठांकित कर 'D' को देता है और 'D', 'E' को देता है जो कि एक सम्यक-अनुक्रम धारक है । 'E' इस विनिमय पत्र की रकम किससे वसूल कर सकेगा ? 'E' के अधिकार का परीक्षण करते हुए परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अन्तर्गत सम्यक-अनुक्रम धारक को प्रदान किये गये विशेषाधिकारों के बारे में बताइये । 8

(ब) कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत 'अंश अधिपत्र' और 'अंश प्रमाणपत्र' में विभेद कीजिये । 4

(स) मेसर्स अस्योर इन्वेस्टमेन्ट, अ और ब की एक भागीदारी फर्म, अपने अंशपत्रों और ऋणपत्रों के विक्रय तथा अन्तरण के लिए, "मुख्तारनामा लिखत" के निष्पादन द्वारा मि. एक्स को अन्तरण प्रलेख पर हस्ताक्षर करने के लिए नियुक्त एवं अधिकृत करती है । इसके लिए "मुख्तारनामा लिखत" का प्रारूप तैयार कीजिये । 4

6. (अ) एक सार्वजनिक कम्पनी के प्रविवरण पत्र में दिये गये मिथ्या विवरण के मामले में 'विशेषज्ञ' के दायित्व को बताइये । प्रविवरण पत्र में उसके द्वारा दिये गये असत्य विवरण के लिए विशेषज्ञ कब दायी नहीं होगा ? 8

(ब) एक व्यापारिक फर्म के "भागीदारी प्रलेख" को लिखने में महत्त्वपूर्ण आवश्यक तत्त्वों को बताइये । 4

Marks

(स) बताइये कि क्या निम्न कथन सही हैं अथवा गलत : 4

(i) स्वीकर्ता द्वारा स्वीकृति पत्र को डाक से भेजने के पूर्व प्रस्तावक अपने प्रस्ताव का खंडन कर सकता है ।

(ii) एक प्राइवेट कम्पनी को वैधानिक सभा बुलाना आवश्यक है ।

(iii) एक चैक का विधि मान्यता समय तीन माह है ।

(iv) प्रत्येक अंशधारक सदस्य है, परन्तु प्रत्येक सदस्य कंपनी का अंशधारक नहीं होता है ।

7. निम्न में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिये : 4×4 =16

(अ) भविष्य निधि में जमा राशि की सुरक्षा के विरुद्ध कुर्की से सम्बन्धित कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के उपबंधों का विवेचन कीजिये । 4

(ब) सिटी हेन्डीक्राफ्ट्स लिमिटेड के सचिव, मि. DP, ने कम्पनी के कतिपय सदस्यों की याचना पर कम्पनी की असाधारण सामान्य सभा बुलाई । कम्पनी सचिव, मि. DP, ने निदेशक मंडल के बिना प्राधिकार के सभा के लिये सूचना जारी कर दी । सिटी हेन्डीक्राफ्ट्स लिमिटेड के सचिव, मि. DP, द्वारा जारी सूचना की विधि मान्यता पर चर्चा कीजिये । 4

(स) कम्पनी अधिनियम, 1956 में दिये गये दस्तावेजों की तामील से सम्बन्धित उपबंधों पर चर्चा कीजिये । 4

(द) औपचारिक संचार के फायदों के बारे में बताइये । 4

(इ) भारत में उपभोक्ता संरक्षण परिषदों के उद्देश्यों को समझाइये । 4

---